# विविध उच्चारण (Miscellaneous Pronunciation)

## "स" और "श" का उच्चारण

अगर किसी शब्द में S के ठीक आगे H आये तो "स" नहीं बल्कि "श" का उच्चारण होगा।
If in a word, S is followed by H, there will not be 's' sound, but 'sh' sound.

## *स की ध्वनि (Words with 'S' sound)*

**S (स)**

Sun(सन) – सूरज
Salute(सल्यूट) – सलाम
Safety(सेफ्टी) – सुरक्षा
Satire(सटायर) – व्यंग
Saturn(सैटर्न) – शनि ग्रह
Salt(सॉल्ट) – नमक
Sound(साउन्ड) – ध्वनि
Sweet(स्वीट) – मीठा
Saline(सलाइन) – खारा
Taste(टेस्ट) – स्वाद
Curse(कर्स) – अभिशाप
Sweat(स्वैट) – पसीना

**CE (स)**

Peace(पीस) – शान्ति
Ice (आइस) – बर्फ़
Cell(सैल) – सैल
Center(सैन्टर) – केंद्र
Century (सैन्चुरी ) – सदी
Nice (नाइस) – अच्छा

## *श की ध्वनि (Words with 'SH' sound)*

**SH (श)**

Shirt(शर्ट) – कमीज़
Fish(फ़िश) – मछली
Shelter(शैल्टर) – आश्रय, घर
Crush(क्रश) – चाहत
Shoot(शूट) – गोली मारना
Trash(ट्रैश) – कचरा

**TIO (श)**

Nation(नेशन) – राष्ट्र
Ratio(रेशो) – अनुपात
Diction(डिक्शन) – बोलने का ढंग
Rational(रैशनल) – तर्कसंगत
Reaction(रिऐक्शन) – प्रतिक्रिया
Action(ऐक्शन) – कार्य

- ***(श की ध्वनि) - Few exceptions (फ्यू ऐक्सेप्शन्स) छ अपवाद***

कुछ ऐसे शब्द भी होते हैं जिनमें S के ठीक आगे H नहीं आता फिर भी उच्चारण में "स" नहीं बल्कि "श" होता है।

Sugar – चीनी, इसे सुगर नहीं बल्कि शुगर कहते हैं।
Sure – पक्का, इसे स्योर नहीं बल्कि श्योर कहते हैं।

Passion(पैशन) – जोश
Sure(श्योर) – पक्का
Pressure(प्रैशर) – दबाव
Asia(एशिया) – एशिया
Sugar (शुगर) – चीनी
Russia (रशिया) – रुस (देश का नाम)

✓ *अन्तर समझिए – Understand the difference:*

| | | |
|---|---|---|
| See | सी | देखना |
| Sea | सी | समुद्र |
| She | शी | वह (एक लड़की के लिए) |
| | | |
| Seat | सीट | बैठने की जगह |
| Sheet | शीट | चादर |
| | | |
| Sign | साइन | हस्ताक्षर |
| Shine | शाइन | चमक |
| | | |
| Sip | सिप | घूँट |
| Ship | शिप | जहाज़ |
| | | |
| Save | सेव | बचाना |
| Shave | शेव | हजामत |
| | | |
| So | सो | इसलिए |
| Show | शो | प्रदर्शन |

| | | |
|---|---|---|
| Suit | सूट | सूट |
| Shoot | शूट | गोली मारना |
| | | |
| Sell | सैल | बेचना |
| Sale | सेल | बिक्री |
| Shell | शैल | खोल |
| | | |
| Sigh | साय | झौंका |
| Shy | शाय | शर्मीला |
| | | |
| Sort | सॉर्ट | प्रकार |
| Short | शॉर्ट | कम |
| | | |
| Shower | शावर | नहाना |
| Sour | सावर | खट्टा |
| | | |
| Shame | शेम | शर्म की बात |

Same सेम समान

## बहुत महत्वपूर्ण उच्चारण (ज की ध्वनि)

| ज | ज़ | श़ |
|---|---|---|
| **1st type** | **2nd type** | **3rd type** |

क्या आपने कभी सोचा है कि ज के नीचे बिन्दु होने का क्या मतलब है।
दूसरे वाले ज के नीचे एक बिन्दु (point) है और तीसरे वाले में श के नीचे बिन्दु (point) है।
आपको ताज्जुब हुआ होगा कि श के नीचे बिन्दु होने से इसका उच्चारण ज की तरह कैसे हो जाता है। आप इन्हें केवल सुनकर ही पहचान सकते हैं ऑडियो एक्सरसाइज़ में। नीचे दिये गये उदाहरणों के माध्यम से केवल लिखने का तरीका समझिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1st type- | ज | – | Jug - | (जग) | – पानी का जग |
| 2nd type- | ज़ | – | Gazal- | (गज़ल) | – एक तरह का गीत अंदाज़ |
| 3rd type- | श़ | – | Television | (टैलीविश़न) | – टीवी |

## ज – J, G, DG

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Magic(मैजिक) | जादू | Gadget(गैजट) | यंत्र | Pigeon(पिजन) | कबूतर |
| Japan(जैपैन) | जापान | Jealous(जैलस) | जलन | Jewellery(जूलरी) | जेवर |
| Judge(जज) | जज | Courage(करेज) | साहस | Budge(बज) | हिलना |
| Age(एज) | उम्र | Edge(ऐज) | किनारा, कोना | Bulge(बल्ज) | उभरा हुआ |

## ज़ – Z, S, X

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Music(म्यूज़िक) | संगीत | Magazine(मैगज़ीन) | पत्रिका | Rise(राइज़) | बढ़ना |
| Maze(मेज़) | उलझन | Zoo(ज़ू) | चिड़ियाघर | Buzz(बज़) | भिनभिनाना |
| Lizard(लिज़र्ड) | छिपकली | Was(वॉज़) | था, थे, थी | Wizard(विज़र्ड) | जादूगर |
| Example(इग्ज़ैम्पल) | उदाहरण | Xerox(ज़ीरॉक्स) | फोटोकॉपी | Reason(रीज़न) | कारण |

## श़ – S, SU, SIO

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Vision(विश़न) | दृष्टि | Leisure(लैश़र) | अवकाश, खाली | Television(टैलीविश़न) | टीवी |
| Provision(प्रोविश़न) | प्रावधान | Elusion(इल्यूश़न) | छलावा, जो न हो वो लगना | Revision(रिविश़न) | संशोधन |
| Pleasure(प्लैश़र) | आनंद | Treasury(ट्रैश़री) | खज़ाना | Measure(मैश़र) | नापना |

**<u>"S" से शुरु होने वाले शब्द पर "S" के तुरन्त बाद "H" न आये</u>**

<u>Words starting with "S", not immediately followed by "H"</u>

जब भी किसी शब्द की शुरुआत "s" से होती है (पर "s" के बाद "h" न आये) तो उस शब्द को बोलते वक्त उसकी शुरुआत आधे स यानि "स्" से होती है जबकि कई लोग उसके आगे इ लगा देते हैं। हो सकता है कि आप भी ये गलती करते हों। इसके उदाहरण भी ऑडियो लैक्चर में दिये गये हैं।

- School - ये स्कूल है, न कि इस्कूल
- Smile - ये स्माइल है, न कि इस्माइल
- Style - ये स्टाइल है, न कि इस्टाइल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Smile (स्माइल) | मुस्कुराना | School(स्कूल) | विद्यालय | Style (स्टाइल) | शैली, अंदाज़ |
| Stoll (स्टोल) | शॉल | Stool (स्टूल) | स्टूल | Start (स्टार्ट) | शुरु करना |
| Spice (स्पाइस) | मसाला | Strange(स्ट्रेंज) | अनोखा | Slow (स्लो) | हल्का, धीमा |
| Screw(स्क्रू) | पेंच | Strain(स्ट्रेन) | तनाव, टैंशन | Stress(स्ट्रैस) | तनाव, टैंशन |

Storm(स्टॉर्म) आंधी Skill (स्किल) कौशल, कला Skull (स्कल) खोपड़ी

## TH का उच्चारण (Sound of TH)

**द थ**

**TH – द**

The (द या दी) – द या दी There (देअर) – वहाँ That (दैट) – वह This(दिस)– यह

**TH – थ**

Threat (थ्रैट) – धमकी Think (थिंक) – सोचना Theme(थीम) – विषय Thank(थैंक)– धन्यवाद देना

## S के बाद TION हो तो उच्चारण

**श्च**

Que<u>stion</u> (क्वे<u>श्च</u>न) – प्रश्न Sugge<u>stion</u> (सजै<u>श्च</u>न) – सुझाव Dige<u>stion</u> (डाइजै<u>श्च</u>न) – पाचन

## C का उच्चारण

**स क**

**C (स)**

Peace(पीस) – शान्ति Cell(सैल) – सैल Century (सैन्चुरी ) – सदी
Ice (आइस) – बर्फ़ Center(सैन्टर) – केंद्र Nice (नाइस) – अच्छा

**C (क)**

Cool (कूल) – ठंडा Cute(क्यूट) – प्यारा Shock (शॉक) – झटका Crime (क्राइम) – अपराध

## G का उच्चारण

**ग ज**

**G (ग)**

Gold(गोल्ड) – सोना Get(गैट) – पाना Gate (गेट) – गेट
Give(गिव) – देना Singer(सिंगर) – गायक Golf (गॉल्फ) – एक खेल

**G (ज)**

Magic (मैजिक) – जादू Cage(केज) – पिंजरा Courage(करेज) – साहस